Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to conduct survey in Machhalishahar Parliamentary Constituency to solve the problems of farmers and Scheduled Castes.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं इस मौके पर आपका ध्यान मछलीशहर, जौनपुर जिले के आरक्षित लोक सभा क्षेत्र की तरफ ले जाना चाहता हूं ।

अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र लगभग 22 लाख आबादी वाला क्षेत्र है, जो कि वाराणसी जिले के एक विधान सभा पिण्ड्रा मिला कर बना हुआ है, जो हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के लोक सभा संसदीय क्षेत्र के बगल का क्षेत्र है । हमारा लोक सभा संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, जो कि अति पिछड़ा हुआ है ।

अध्यक्ष महोदय, पिछली जो भी सरकारें रही हैं, उन्होंने मछलीशहर लोक सभा क्षेत्र के विकास के कार्य को न करके इसे अनदेखा किया है । जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, वहां काफी हद तक विकास के काम हुए हैं ।

महोदय, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि आप अपने माध्यम से मछलीशहर सुरक्षित लोक सभा क्षेत्र का सर्वे कराएं, जिससे आप वहां की अनुसूचित जाति और गरीब मजदूर किसानों की समस्या से अवगत हो सकें ।

महोदय, मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि आप मछलीशहर (सुरक्षित) लोक सभा क्षेत्र को विशेष पैकेज दिलाने की कृपा करें, जिससे वहां के गरीब लोगों का पूर्ण रूप से विकास हो सके । धन्यवाद